तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 25 जून 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोंड़ीउपरोड़ा

4 मानदेय शिक्षक के लगभग 50 पद किए गए कम, 500 शिक्षकों की होनी थी भर्ती



हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
25 जून 2026
कूपन नं.
5

(कोरबा) प्रवेश प्रारंभ (कटघोरा)
प्रतिमाह मात्र 999/- में आई.टी.आई.
न्यू महाराणा I.T.I.
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक
योग्यता-10वीं पास (साइंस, गणित अनिवार्य)
स्थान सीमित
नोट: अतिशीघ्र संस्था आकर नाम पंजीयन करायें।
पता: प्राचार्य: लालूराम कालोनी (पवन भोग आटा चक्की के पीछे) कोरबा
मो. 9203903521, 9425556340, 9203914561
पता: प्राचार्य: निहारिका टॉकीज कन्याठंड, गोपाल पेट्रोल पंप के सामने कटघोरा
मो. 9203914562, 9691946265, 9203914561

2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरुपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.c. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

# आधार कार्ड के साथ केवायसी कराने किसान पहुंच रहे बैंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला सहकारी बैंक में केसीसी लोन के आहरण के पूर्व किसानों को बैंक से केवायसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। इसी तरह खाद बीज उठाव के दस्तावेजों के साथ केवायसी की अनिवार्यता बतायी गयी है।

जिले में कृषि विभाग के रिकार्ड में किसानों की संख्या एक लाख से अधिक है और 79 हजार किसानों को पीएम किसान निधि मिलती है। इस वर्ष 15 करोड़ 12 लाख रुपए की पीएम किसान निधि किसानों के खाते में गई है। इनमें से अधिकांश किसान ऐसे थे जिन्होंने बैंक में केवायसी नहीं करवाया था। फलस्वरूप उनके बैंक खाते से दो हजार रुपए की सम्मान निधि की राशि भी आहरित नहीं हो रही थी। परेशान किसानों को बैंक प्रबंधन ने हर हाल में केवायसी के निर्देश जारी किए थे। किसान सम्मान निधि के आते ही जिला सहकारी बैंक की सभी शाखाओं में किसान ⏭ शेष पेज 2 पर

## पीएम किसान सम्मान निधि लेने कराना पड़ रहा है केवायसी

**खास बातें**

- खाद वितरण व्यवस्था के लिए भी कराना होगा
- केसीसी लोन आहरण के लिए भी की गई है अनिवार्यता




**केवायसी अनिवार्य है**

किसानों को अपने बैंक खातों से किसी भी तरह के लेन देन के लिए केवायसी अनिवार्य किया गया है। केवायसी का कार्य बैंक में लगातार जारी है। सम्मान निधि राशि जारी होने से पूर्व ही केवायसी करा रहे हैं।

-**सरिता पाठक,** शाखा प्रबंधक, सहकारी बैंक कोरबा ब्रांच

## किसानों को करना पड़ता है लंबा सफर

करतला विकासखंड जिले का सबसे बड़ा धान उत्पादन वाला क्षेत्र है। खाद बीज की सबसे ज्यादा खपत इस ब्लाक में होने के साथ सर्वाधिक किसान निधि राशि भी करतला ब्लाक के किसानों को ही मिल रही है। किन्तु इस ब्लाक के किसानों को बरपाली शाखा से भुगतान लेना पड़ता है। करतला ब्लाक के कुदमुरा तौलीपाली जैसे क्षेत्र के किसानों को भुगतान के लिए लंबा सफर करने की मजबूरी रहती है। करतला विकास खंड में जिला सहकारी बैंक की शाखा खोलने के लिए तीन चार साल से प्रयास चल रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी बैंक की शाखा खोलने के लिए पत्र व्यवहार किया है। किन्तु बैंक प्रबंधन की ओर से ब्लाक में बैंक शाखा खोलने के लिए कोई पहल होते नहीं दिख रही है।

### अलग-अलग झुंड में विभक्त होने की वजह से ट्रैकिंग में हो रही समस्या

# 50 गजराज कटघोरा के जंगल में, लोनर हाथी की निगरानी वन विभाग के लिए बनी मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा वन मंडल में बेहतर रहवास मिलने की वजह से हाथियों का झुंड हमेशा जंगल में ही बने रहते हैं मौजूदा स्थिति में 50 हाथियों का झुंड कटघोरा वन मंडल में डेरा डाले हुए हैं लेकिन सरगुजा वन मंडल से पहुंचे एक दंतैल हाथी ने एक दिन पहले ही एक वृद्ध महिला को मौत के घाट उतार दिया था जिसे रोकना वन विभाग के लिए चुनौती बना हुआ है। साथ ही अलग-अलग झुंड में विभक्त होने की वजह से वन विभाग की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। हालांकि लोनर की सबसे ज्यादा निगरानी की जा रही है जिसके लिए थर्मल ड्रोन कैमरे के माध्यम से उसकी ट्रैकिंग की जा रही है साथ ही गांव-गांव में युवाओं की विशेष टीम गठित की गई है ताकि लोनर को गांव में घुसने से रोका जा सके।

**खास बात**

- लोनर हाथी के लिए थर्मल ड्रोन के साथ साथ वन विभाग की टीम लगी हुई है जंगल में



जंगल में विचरण करता दंतैल।

उल्लेखनीय है कि कटघोरा वन मंडल के विभिन्न वन परिक्षेत्र में हाथियों का आना-जाना लगा रहता है। पूरे वर्ष भर हाथी विभिन्न वन परिक्षेत्र में विचरण करते रहते हैं मौजूदा स्थिति में सबसे ज्यादा 44 हाथियों का झुंड जटगा रेंज में डेरा डाले हुए हैं, जबकि एतना नगर व केंदई रेंज में भी हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है लेकिन तीन दिन पहले ही एक लोनर हाथी सरगुजा वन मंडल से विचरण करते हुए कटघोरा वन मंडल के केंदई रेंज पहुंच गया था जिसने मंगलवार को एक महिला को मौत के घाट उतार दिया था। अब लोनर हाथी कटघोरा वन मंडल में कोई बड़ी जनधन की हानि ना पहुंचाए इसके लिए कटघोरा वन मंडला अधिकारी कुमार निशांत व उनकी पूरी टीम लोनर हाथी की विशेष निगरानी करने में लगा हुआ है। बताया जाता है कि लोनर हाथी की निगरानी के लिए एक विशेष टीम गठित की गई है। जिसके द्वारा थर्मल ड्रोन कैमरे के माध्यम से उसकी हर गतिविधियों पर नजर बनाए हुए हैं। साथ ही लोनर हाथी द्वारा जानमाल का नुकसान ना पहुंचा सके इसके लिए हाथी प्रभावित क्षेत्रों में ग्रामीणों की विशेष टीम बनाई गई है। जो वन विभाग के साथ मिलकर काम कर रही है।

## मदनपुर व करैहापारा में लोनर हाथी ने दो मकानों को किया ध्वस्त

सरगुजा वनमंडल से लोनर हाथी का प्रवेश कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज में हुआ है। लोनर ने आते ही क्षेत्र में आतंक मचाना शुरू कर दिया है। पहले दिन उसके द्वारा एक ग्रामीण के घर को निशाना बनाया गया। उसके बाद कल दूसरे दिन हाथी ने पतुरियाडांड में डोरी बीनने जंगल गई एक वृद्ध महिला पर हमला कर उसे पैरों तले कुचल दिया था। वृद्धा की मौत से सहमे क्षेत्र के ग्रामीण अभी सामान्य हुए भी नहीं थे कि बीती रात लोनर हाथी ने मदनपुर व उसके आश्रित मोहल्ला करैहापारा में जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान लोनर ने करैहापारा निवासी तुलेश्वर पिता दुर्गेश सिंह गोंड़ तथा मदनपुर में शांति बाई पति परदेशी पनिका के घर को निशाना बनाते हुए क्षतिग्रस्त कर दिया। जिससे दोनों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है।



# ट्रैक्टर के पलटने से एक की मौत, दो घायल



रेत से भरा पलटा ट्रेक्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के नदी नालों में रेत निकासी पर भले ही पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा हुआ है लेकिन इसके बाद भी रेत तस्कर नदी नालों में घुसकर बड़े पैमानों पर रेत की निकासी कर रहे हैं। मड़वारानी क्षेत्र में रहने वाले कुछ लोग सोन नदी से रेत निकालकर वापस आ रहे थे कि बीच रास्ते में उनकी तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे एक युवक की मौत हो गई है जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जिन उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

**खास बात**

- उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम मड़वारानी का मामला

मामला उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम मड़वारानी की है यहां निवासरत शिवकुमार पटेल 29 वर्ष पिता दुबराज पटेल, अमित कुमार सहित कुछ अन्य लोग ट्रैक्टर लेकर सोन नदी में रेत निकालने पहुंचे हुए थे जहां से रेत निकालकर दोपहर को वापस लौट रहे थे कि ग्राम जर्वे के समीप उनकी तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गई ट्रैक्टर के पलटने से शिवकुमार पटेल ट्रैक्टर की इंजन में दब गया और जबकि चालक अमित कुमार व एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की की सूचना मिलते ही स्थानिक ग्रामीण मौके पर पहुंचे और ट्रैक्टर के ट्रॉली में दबे शिवकुमार पटेल को किसी तरह बाहर निकल गया और उसे उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत शिवकुमार पटेल को मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप

### जिले में कल बंद रहेगा पशुवध कार्य

**कोरबा।** निगम क्षेत्रांतर्गत संचालित समस्त वधशालाओं एवं मांस विक्रय की दुकानों को 29 जून को पूर्ण रूप से बंद रखा जाएगा। उक्त तिथि में किसी प्रकार का पशुवध न होगा और न ही मांस का विक्रय होगा। निगम द्वारा 29 जून को कबीर जयंती के विशिष्ट अवसर पर पशुवधगृहों व मांस विक्रय की दुकानों को पूर्ण रूप से बंद रखने तथा किसी भी प्रकार का पशुवध न करने और न ही मांस का विक्रय करने के निर्देश समस्त पशुवधगृह संचालकों व संबंधित दुकानदारों को दिए गए हैं। उक्त तिथि में यदि किसी भी दुकान में मांस का विक्रय किया जाता है तो मांस जप्त कर संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

### अधिकारी-कर्मचारियों के मुख्यालय छोड़ने प प्रतिबंध

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के आगामी षष्ठम विधानसभा के दषम सत्र आगामी 13 जुलाई से प्रारंभ होकर 17 जुलाई तक रहेगा। जिसमें विधानसभा प्रष्नों का उत्तर निर्धारित समयावधि में शासन/वरिष्ठ कार्यालय की ओर भेजा जाना आवश्यक है। इस संबंध में कलेक्टर कार्यालय द्वारा आदेश जारी कर सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे आदेश जारी 23 जून से 17 जुलाई तक कलेक्टर के अनुमति के बिना मुख्यालय से बाहर नहीं जाएंगे।

### अब पक्के घर में मिलेगी सुरक्षित जिंदगी

**कोरबा।** जिले के सीमावर्ती ग्राम काटाद्वारी में रहने वाले लगभग 50 वर्षीय ग्रामीण महेत्तर राम के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना किसी वरदान से कम नहीं साबित हुई है। दोनों पैरों से चल पाने में असमर्थ महेत्तर राम अब अपने परिवार के साथ पक्के घर में सुरक्षित जीवन जी रहे हैं। महेत्तर राम ने बताया कि उनकी पत्नी का पहले ही निधन हो चुका है और वे अपने दो बेटों के साथ जीवनयापन कर रहे हैं। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उनका कच्चा मकान वर्षों तक पक्का नहीं हो सका। बारिश के मौसम में घर की छत टपकती थी और परिवार को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। ऐसे में हर बरसात उनके लिए चिंता और कठिनाइयों का कारण बन जाती थी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जब उनके नाम आवास स्वीकृत हुआ और किस्त की राशि मिली।

# जिले के सभी कोचिंग संस्थानों को सात दिन में देनी होगी छात्रों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जिले में संचालित समस्त निजी कोचिंग संस्थानों से आवश्यक जानकारी निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध कराने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा सभी संबंधित संस्थानों को पत्र प्रेषित कर समय-सीमा के भीतर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा गया है।

**खास बात**


- डीईओ ने जारी किया आदेश

जारी निर्देशों के अनुसार निजी कोचिंग संस्थानों से संस्थान के पंजीयन, विद्यार्थियों की सुरक्षा व्यवस्था, शिकायत निवारण तंत्र, मानसिक स्वास्थ्य संरक्षण, अग्नि सुरक्षा, आपदा प्रबंधन तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त की जाएगी। यह जानकारी शासन एवं संबंधित प्राधिकरणों को प्रतिवेदन प्रस्तुत करने की प्रक्रिया के अंतर्गत संकलित की जा रही है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जिले में संचालित सभी निजी कोचिंग संस्थान निर्धारित प्रपत्र में वांछित जानकारी पत्र प्राप्ति के 7 दिवस के भीतर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, कोरबा में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। प्रतिवेदन में संस्थान का नाम, पता, संचालक का नाम, ⏭ शेष पेज 2 पर

# सांड ने अधेड़ व्यक्ति पर किया हमला गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुरानी बस्ती क्षेत्र में एक सांड का आतंक सिर चढ़कर बोल रहा है। सड़क में आने जाने वाले किसी व्यक्ति पर जानलेवा हमला कर रहा है जिससे लोगों में आक्रोश पनपते जा रहा है। यह पुरानी बस्ती का मामला ही नहीं बल्कि शहर के कई इलाकों की हालत कुछ इसी तरह की है। शहर के सड़कों में बड़े बड़े सांड घूम रहे हैं और लोगों पर जानलेवा हमला कर रहे हैं। बताया जाता है कि कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरानी बस्ती में बुधवार की सुबह सांड ने 55 साल व्यक्ति पर हमला कर दिया। जानकारी के मुताबिक घायल शख्स का नाम छोटे लाल श्रीवास है, जो कि सुबह बाजार की ओर जा रहा था। इस दौरान चौक के पास सांड ने उस पर हमला दिया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया है। बताया जाता है कि सांड पिछले कई दिनों से बस्ती के आसपास घूम रहा है और राहगीरों, दोपहिया वाहन सवारों पर लगातार हमला कर लोगों को घायल कर रहा है। यह पहला मामला नहीं है शहर के बुधवारी, निहारिका, शिवाजी नगर में भी बड़े पैमाने पर सांड विचरण कर रहे हैं और कई बार इनके द्वारा लोगों पर हमला किया जा चुका है। स्थानीय पार्षदों द्वारा इन हमलावर सांड को कांजी हाउस में ले जाने के लिए कई बार शिकायत की जा चुकी है लेकिन नगर निगम द्वारा कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है जिसके चलते शहर में सांड का आंतक लगातार बढ़ता ही जा रहा है।



अधेड़ पर हमला करता सांड।

## तेज रफ्तार कार पलटी, बाल बाल बचा चालक

बुधवार को दर्री कोरबा मुख्य मार्ग पर बरपारा कोहड़िया के समीप एक तेज रफ्तार एसयूवी कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के होते ही मौके पर अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई और आसपास के लोग तत्काल मौके पर पहुंचे और कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला गया। घटना का सुखद पहलु यह रहा कि घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। हादसा कैसे और किन परिस्थितियों में हुई यह स्पष्ट नहीं हुआ है। संभवना जताई जा रही है कि तेज रफ्तार की वजह से यह हादसा हुआ है।



### बाइक से बस्तियों में शुरू हुई पेट्रोलिंग

# असामाजिक तत्वों पर शिकंजा कसने सड़क पर उतरी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

देर शाम को शहर के बस्ती, ठेला गुमटियों में अक्सर अड्डेबाजी की सूचना पुलिस को मिलती है। इसी तरह के अड्डेबाजी व समाजिक तत्वों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर शहर में पुलिस ने बाइक पेट्रोलिंग शुरु की है। पुलिस की टीम अब गली कूचों में पहुंच रही है और बेवजहा अड्डेबाजी करने वाले युवाओं पर सख्ती बरत रही है।

उल्लेखनीय है कि बाइक पेट्रोलिंग का मुख्य उद्देश्य ऐसे स्थानों तक पुलिस की त्वरित पहुंच सुनिश्चित करना है, जहां बड़े वाहन या चार पहिया वाहन आसानी से नहीं पहुंच पाते। बाइक के माध्यम से संकरी गलियों, अंदरूनी एवं संवेदनशील क्षेत्रों में पहुंचकर संदिग्ध गतिविधियों, अड्डेबाजी करने वाले व्यक्तियों एवं असामाजिक तत्वों पर प्रभावी निगरानी रखते हुए आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। अभियान के तहत थाना सिविल लाइन रामपुर क्षेत्र के डिगापुर, सिंगापुर, टीपी नगर चौक एवं थाना कोतवाली क्षेत्र के राताखार, रामसागरपारा, मोतीसागरपारा, पुरानी बस्ती, सीतामढ़ी, इमलीडुग्गू, रेलवे स्टेशन, संजय नगर सहित अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस टीम द्वारा लगातार भ्रमण कर संदिग्ध व्यक्तियों एवं अड्डेबाजी वाले स्थानों की जांच की गई। इस दौरान पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए 3 संदेहियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक धारा 128 बीएनएसएस के ⏭ शेष पेज 2 पर



बस्तियों में बाइक पेट्रोलिंग करती पुलिस।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KORBA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)
89595-93920 • 89595-44444

# भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग

29 YEAR'S Legacy in Education

**प्रवेश प्रारंभ : 2026-27** | **SHAPING FUTURES, DELIVERING CAREERS** | **ADMISSIONS OPEN: 2026-27**

''भारती-ग्रुप'' पिछले 29 वर्षो से विभिन्न संकायों का सफलतापूर्वक संचालन कर रहा है। विकसित छत्तीसगढ़ @2047 के लक्ष्य को पाने के लिए भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग शिक्षा, कौशल और नवाचार के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर, राज्य में आवश्यकता के अनुसार नये-नये पाठ्यक्रम संचालित कर युवाओ को उच्च-शिक्षा कम-खर्च / कम-फीस में प्रदान कर रहा है। आगे इसी लक्ष्य को पुरा करते हुये अध्ययन प्राप्त कर चुके, लगभग सभी विद्यार्थियों को प्लेसमेंट प्रदान कर रही है। इनकी योग्यता, कौशल एवं रुचि के अनुसार छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यो की कई बड़ी-बड़ी कंपनियों में चयनित होकर कार्यरत है तथा कई बड़े रूप में स्व-रोजगार स्थापित कर लोगों को रोजगार प्रदान कर रहे है। जिससे हमारी संस्था के साथ-साथ अपने अभिभावकों का नाम गौरवान्वित कर रहे है, यही हमारी संस्था का मुख्य उद्देश्य है, जिसे निरंतर आगे बनाये रखेंगे इसी विश्वास के साथ ...

**लॉ ( कानून )-** लॉ एजुकेशन में बीए एलएलबी, बीकॉम एलएलबी, इंटीग्रेटेड लॉ 5 वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण। एलएलबी 3 वर्षीय, प्रवेश के लिए किसी भी संकाय में स्नातक एवं एलएलएम 2 वर्षीय, प्रवेश के लिए एलएलबी उत्तीर्ण होना आवश्यक है। लॉ उत्तीर्ण होने के बाद अपने कैरियर बनाने के कई विकल्प हैं जिसमें से न्यायपालिका, वकालत, कानूनी सलाहकार के रूप में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर प्राप्त होता है, इसके अतिरिक्त वे कॉर्पोरेट सेक्टर, वित्तीय संस्थानों, इनकम टैक्स विभाग, लेखा एवं लेखा परीक्षा विभाग, मानव संसाधन, रियल एस्टेट, मीडिया, बैंकिंग और बीमा क्षेत्रों में भी कार्य कर अपना उज्जवल भविष्य बना सकते हैं।

## ज्ञान, कौशल और सफलता की कुंजी है पॉलिटेक्निक / इंजीनियरिंग / एमटेक

हमारे छत्तीसगढ़ शासन औद्योगिक एवं तकनीकी विकास की दिशा में भारत की पहली सेमीकंडक्टर चिप निर्माण कंपनी पॉलीमेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के साथ ही देश एवं विदेश की कई कम्पनीयों के साथ समझौता को बढ़ावा दे रही है एवं कई बड़ी-बड़ी कम्पनियो के निवेश से तकनीकी क्षेत्र में अध्ययन कर रहे विद्यार्थियो को राज्य में ही रोजगार के नये अवसर प्राप्त हो रहे हैं। पॉलिटेक्निक 3 वर्षीय प्रवेश हेतु 10वीं उत्तीर्ण, बी.टेक 4 वर्षीय, प्रवेश हेतु 12वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। विद्यार्थी सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, कंप्यूटर साइंस, इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन जैसे विषयों में प्रवेश लेकर गहन तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है। यह कोर्स विद्यार्थियों को अनुसंधान, डिजाइन, विकास, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट और इंडस्ट्री में विविध तकनीकी जिम्मेदारियों के लिए तैयार करता है। इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त करने के बाद विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रो में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं जैसे निर्माण कंपनियां, सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियां, इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग, ऑटोमोबाइल, पावर प्लांट्स, स्टार्टअप्स, सरकारी विभाग, अनुसंधान संस्थान, और शिक्षण संस्थान में रोजगार एवं स्व-रोजगार का अवसर मिलेगा।

Afft. to Ayush University, Raipur
- BAMS Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery
- B.Sc. (Nursing)

Afft. to IGKV, Raipur
- B.Tech Agri.
- B.Sc. Agri.

## प्रथम दीक्षांत समारोह में उपस्थित डॉक्टरेट उपाधि प्राप्तकर्ता



भारती विश्वविद्यालय मे बीए, बीकाम, बीएससी डिप्लोमा एवं लगभग सभी स्नातक एवं स्नातकोत्तर कोर्सेस सेमेस्टर प्रणाली में संचालित किये जा रहे है। विद्यार्थियों का रुझान एवं राज्य में कोर्सेस की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुये कई नये-नये विषयों मे शिक्षा प्रदान किया जा रहा है। विद्यार्थीयों को सिलेबस के विस्तृत ज्ञान की प्राप्ति एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के उद्देश्य से सेमेस्टर प्रणाली में अध्ययन के साथ-साथ IAS, IPS, IES, IFS, IRS, SSC, CGPSC/State Public Service Commission तथा अन्य सभी केंद्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट सफलता सुनिश्चित करने हेतु इसकी तैयारी नि:शुल्क प्रदान की जा रही है।

### Law
- B.A. LLB
- LLB
- B.Com LLB
- LLM

### Engineering
**M. Tech. / B.Tech. / Polytechnic**
- CSE
- Civil
- ET&T
- Mechanical
- Electrical

(Regular / Working Professionals with Flexible Time)

### Education
- D.El.Ed.
- B.Ed.
- M.Ed.

### Public Health
- MPH (Master of Public Health)

### Rural Studies
- Bachelor (BRS)
- Master (MRS)

### Physical Education
- Bachelor of Physical Education and Sports (B.P.E.S.)*
- Masters of Physical Education and Sports (M.P.E.S.)*

### Social Work
- Diploma (DSW)
- Bachelor (BSW)
- Master (MSW)

### Pharmacy
- D. Pharma
- B. Pharma
- M. Pharma

### Science
**B.Sc (Hons)/M.Sc**
- Forensic Science
- Chemistry
- Maths
- Computer Sceince
- Physics
- Zoology
- Animation & Visual Effects
- Botony
- Microbiology
- Biotechnology
- Home Science
- IT

### Arts/ Commerce & Management
- BBA
- MBA
- Hospital Mgt.
- Financial Mgt
- Marketing Mgt.
- Human Resource Mgt.

**B.A.(Hons)/ M.A**
- Psychology
- English
- Sociology
- Yoga
- Hindi
- Sanskrit
- Economics
- History
- Geography
- Political Science

- B.Com.(Hons)
- M.Com
- B.Stat
- M.Stat
- DCA
- BCA
- PGDCA

### Library Science
- M.Lib
- B.Lib
- D.Lib

### Diploma Courses (1year)
- Forensic Science
- Digital Marketing
- Yoga Science
- Nutrition & Dietetics
- Interior Design
- Multimedia & Graphic Animation
- Fashion Design
- Cyber Crime

**Ph.D. Available in all Major Subjects**

**फॉरेंसिक साइंस-** भारती विश्वविद्यालय न केवल दुर्ग, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था, न्यायिक प्रक्रिया और फॉरेंसिक अनुसंधान के क्षेत्र में शिक्षा का एक मजबूत केंद्र बनकर उभरा है। बीएससी फॉरेंसिक साइंस(ऑनर्स) 3+1 वर्षीय (डिग्री+अनुसंधान)में प्रवेश हेतु गणित अथवा विज्ञान विषय में 12वीं उत्तीर्ण एवं एमएससी फॉरेंसिक साइंस 2 वर्षीय, प्रवेश हेतु बीएससी गणित/जीवविज्ञान, फार्मेसी, इंजीनियरिंग के साथ स्नातक होना अनिवार्य है। इस विषय से छात्रों को अपराध अनुसंधान, डीएनए विश्लेषण, फिंगरप्रिंट तकनीक, क्राईम सीन इन्वेस्टिगेशन, साइबर सिक्योरिटी और टॉक्सीकोलॉजी जैसे आधुनिक कौशलों में प्रशिक्षित होने का ज्ञान प्राप्त होगा। डिग्री प्राप्त होने के बाद अपराध जॉच में वैज्ञानिक सबूतो के बढ़ते महत्व के कारण सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में फॉरेंसिक साइंस के क्षेत्र में नौकरी के सबसे ज्यादा अवसर हैं, फॉरेंसिक साइंस के विद्यार्थी देश-विदेश के फॉरेंसिक शिक्षण संस्थानों में प्राध्यापक एवं फॉरेंसिक एक्सपर्ट के रूप में कार्य करते हैं। सरकारी विभागों जैसे सेंट्रल एवं स्टेट फॉरेंसिक साइंस लैब, गृह विभाग, पुलिस, इंटेलिजेंस और क्रिमिनल इन्वेस्टिगेशन से संबंधित अन्य खुफिया एजेंसियों में फॉरेंसिक साइंस का विशेष महत्व है। साइकोलॉजी, क्रिमिनोलॉजी और साइबर सिक्योरिटी जैसे समकालीन विषयों में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं, जो विद्यार्थियों को एक सशक्त कैरियर एवं रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं।

**फॉरेंसिक से जुड़े अपने सपनों को दीजिए एक नई उड़ान...**

## ''फार्मेसी ज्ञान और सेवा का संगम''

डी. फार्मेसी 2 वर्ष का डिप्लोमा कोर्स एवं बी.फार्मेसी 4 वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम है जिनमें प्रवेश हेतु 12वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। फार्मेसी विज्ञान और मानव स्वास्थ्य के बीच एक सेतु है, जो कि ना केवल दवाओं की गुणवत्ता और प्रभाव को सुनिश्चित करता है, बल्कि रोगों की रोकथाम और इलाज में अहम भूमिका निभाता है। आज की तेज रफ्तार जीवनशैली, बदलती स्वास्थ्य समस्याएं, और नई-नई बीमारियों के बढ़ते प्रकोप के चलते फार्मेसी क्षेत्र में कुशल और प्रशिक्षित पेशेवरों की मांग निरंतर बढ़ रही है। यह कोर्स अनुसंधान, शिक्षण, उद्योग और सरकारी विभागों में उन्नत कैरियर के लिए मार्ग प्रशस्त करता है। जिसमें विद्यार्थियों को फार्मास्युटिकल विज्ञान की मूलभूत जानकारी, दवा निर्माण, ड्रग डिजाइन, फार्माकोलॉजी, हर्बल ड्रग्स और क्लिनिकल फार्मेसी जैसे विषयों में गहन प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। इस कोर्स के अध्ययन से विद्यार्थियों को अनुसंधान, निर्माण, गुणवत्ता नियंत्रण, और फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री में विभिन्न जिम्मेदारियों के लिये तैयार होते है। फार्मेसी के डिग्री प्राप्त करने के बाद छात्र सरकारी और निजी अस्पतालों, क्लीनिकों, इसके अलावा स्वरोजगार के लिए मेडिकल स्टोर भी प्रारंभ कर सकते हैं।

## PLACEMENT SELCTION 2026



**TOP RECRUITERS:** WIPRO LTD. | ASHOK L bY LAYAM GROUP | JINDAL ELECTRICAL | HCL INFOSYSTEMS Ltd. | TATA CONSULTANCY SERVICES | L & T CONSTRUCTION | SUZUKI MOTORS | MAHINDRA & MAHINDRA Ltd. | CAPGEMINI INDIA PVT. LTD. | ULTRATECH CEMENT | SUZLON ENERGY LTD. | BOC INDIA LTD. | DHOOT TRANSMISSIONS | ADVIK HIGH TECH Pvt. Ltd. | HIRA POWER & STEEL | MAINTEC TECHNOLOGIES | IDBI BANK LIMITED | JUST DIAL LIMITED





6232221101/ 02/ 03/ 04/ 05/ 06/ 07
www.bhartiuniversity.org
bhartiuniversity.in@gmail.com



SUN PUBLIC SCHOOL
A CBSE NEW Delhi, affiliated School
ADMISSIONS OPEN
Day Boarding School
Hostel Facility Available from 6th to 12th Class
NURSERY TO 12TH CBSE
ENGLISH MEDIUM
9109186601, 9109186607

सन प्राइवेट आई.टी.आई.
भारत सरकार (NCVT & DGT) एवं छ.ग. शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
विशेषताएँ
• उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम • अनुभवी शिक्षक • आधुनिक टूल्स एवं मशीनों द्वारा ट्रेनिंग
• छात्रवृत्ति की सुविधा • हॉस्टल की सुविधा
प्रवेश प्रारंभ
• इलेक्ट्रीशियन • फिटर } 2 वर्ष
• कोपा • स्टेनो (हिन्दी) } 1 वर्ष
9589158888, 9109186606

## खबर संक्षेप

### तकनीक आधारित व्यवस्था से सेवाएं हुईं सुगम, मिला रहा लाभ

**कोरबा।** आम नागरिकों तक सरल, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू किया गया सेवा सेतु पोर्टल लोगों के जीवन को आसान बना रहा है। यह पहल सरकारी सेवाओं को नागरिकों के द्वार तक पहुंचाने और अनावश्यक भागदौड़ को समाप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो रही है। अब शासन द्वारा सेवाओं के डिजिटलीकरण और प्रक्रियाओं के सरलीकरण से ये सुविधाएं अधिक सुगम, पारदर्शी और समयबद्ध हो गई हैं। डिजिटल सुशासन की दिशा में सेवा सेतु ने इस तस्वीर को बदल दिया है। सेवा सेतु पोर्टल में सैकड़ों सरकारी सेवाएं अब एक ही मंच पर उपलब्ध हैं। जिससे सरकारी सेवाएं नागरिकों तक सरल, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पहुंच रही हैं। कोरबा विकासखंड के ग्राम सोनपुरी निवासी युवा हेमंत कुमार ने इसका प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त किया।

### समयबद्ध निराकरण से मिली राहत, परिवार को मिला जॉब कार्ड

**कोरबा।** मुख्यमंत्री हेल्पलाइन आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण की प्रभावी व्यवस्था के रूप में कार्य कर रही है। इसके माध्यम से शिकायतों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित होने के साथ ही पात्र हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी समय पर प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन शासन और नागरिकों के बीच संवाद तथा समस्या समाधान की प्रक्रिया को अधिक सरल, पारदर्शी और जवाबदेह बना रही है। विकासखंड की ग्राम पंचायत कुरुडीह निवासी रामनाथ कश्यप लंबे समय से अपने परिवार का जॉब कार्ड बनवाने का प्रयास कर रहे थे। उन्होंने लगभग पांच माह पूर्व ग्राम पंचायत में जॉब कार्ड के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था, किंतु निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण नहीं होने के कारण जॉब कार्ड जारी नहीं हो पाया। जॉब कार्ड के अभाव में उनका परिवार मनरेगा/वीबी जी राम जी सहित रोजगार आधारित शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित था।

### छग श्रमजीवी पत्रकार संघ हरदीबाजार का हुआ गठन अध्यक्ष बने राजाराम



**हरदीबाजार।** छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी एवं प्रदेश महासचिव विश्व दीपकराई के निर्देशन पर जिला अध्यक्ष शशिकांत डिक्सेना के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ ब्लॉक हरदीबाजार का सर्वसम्मति से बैठक कर गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष के पद पर पुनः राजाराम राठौर को सर्व सहमति से बनाया गया तत्पश्चात अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष के द्वारा गठन को विस्तार करते हुए विनोद उपाध्याय को ब्लॉक उपाध्यक्ष, निलेंद्र राठौर को सचिव, प्रमोद राठौर सहसचिव एवं बाबूराम राठौर और जगदीश अग्रवाल को संरक्षक बनाया गया। इस दौरान उपस्थित जिला अध्यक्ष शशिकांत डिक्सेना ,जिला महासचिव ओम गवेल, जिला उपाध्यक्ष निशान झा, अभिषेक आदिल, विनोद साहू, मनहरण साहू, राजाराम राठौर, निलेंद्र राठौर, जगदीश अग्रवाल, विनोद उपाध्याय, नागेन्द्र विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### आधार कार्ड...

केवायसी के लिए पहुंच रहे हैं। केवायसी के नए निर्देश आने के बाद से दूर दराज से किसान बैंक की शाखा पहुंच रहे हैं। फार्मर आईडी के साथ किसानों को पहचान पत्र दिए जाने के बाद से बैंक खातों को अपडेट करने के भी निर्देश दिए जाने के बाद कृषि विभाग ने किसान सम्मान निधि पाने वाले सभी किसानों को सम्मान निधि आहरण के पूर्व आहरण कराने को कहा था। हालांकि नियमित रूप से खाद, बीज का उठाव करने वाले किसानों ने बैंक केवायसी करवाया था। किन्तु ऐसे भी किसान हैं जो किसान के रूप में दर्ज जरूर हैं लेकिन उनके द्वारा धान बेचने में रुचि नहीं ली जाती। किन्तु खाद और धान बीज का उठाव करने के साथ किसान सम्मान निधि की राशि अवश्य मिल जाती है। यही कारण है कि सभी किसानों को बैंक केवायसी अनिवार्य किया गया है।

### जिले के सभी...

मोबाइल नंबर, पंजीयन संबंधी विवरण, विद्यार्थियों की संख्या, सुरक्षा व्यवस्था, शिकायत निवारण समिति/प्रकोष्ठ की जानकारी, मानसिक स्वास्थ्य संरक्षण हेतु किए गए उपाय तथा अन्य आवश्यक बिंदुओं का उल्लेख किया जाना आवश्यक होगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा है कि यह कार्रवाई विद्यार्थियों के हितों की सुरक्षा, संस्थागत पारदर्शिता तथा कोचिंग संस्थानों में आवश्यक मानकों के पालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की जा रही है। सभी निजी कोचिंग संस्थानों को निर्देशित किया गया है कि वे इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समय-सीमा में आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएं। निर्धारित समयावधि में जानकारी प्रस्तुत नहीं करने वाले संस्थानों के संबंध में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### असामाजिक...

तहत कार्रवाई, 1 व्यक्ति के विरुद्ध धारा 36(च) आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। साथ ही वाहन चेकिंग के दौरान मॉडिफाइड साइलेंसर लगे वाहन एवं बिना नंबर प्लेट वाहन के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई।

## आवास प्लस 2.0 की सूची का हुआ सार्वजनिक वाचन एवं अनुमोदन

# स्थानीय जरूरतों और विकास कार्यों पर प्राथमिकता से चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार जिले की ग्राम पंचायतों में बुधवार को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभाओं में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण से तैयार हितग्राहियों की सूची का सत्यापन एवं अनुमोदन किया गया। पारदर्शिता एवं जनभागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पात्र एवं प्रतीक्षा सूची का सार्वजनिक वाचन भी किया गया।

ग्राम सभा में आवास प्लस 2.0 के अंतर्गत तैयार की गई सिस्टम जनरेटेड स्थायी प्रतीक्षा सूची ग्रामीणों के समक्ष पढ़कर सुनाई गई। दावा-आपत्ति की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात ग्राम सभा द्वारा अनुमोदित सूची को अंतिम रूप देकर आवास सॉफ्टवेयर में अपलोड किया जाएगा। ग्राम सभाओं में राज्य शासन की सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान



ग्रामसभा में उपस्थित ग्रामीण महिला पुरुष।

की विस्तृत जानकारी भी ग्रामीणों को दी गई। बताया गया कि यह अभियान ग्रामीण परिवारों तक विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से प्रारंभ किया जा रहा है। अभियान के माध्यम से 31 व्यक्तिगत हितग्राही मूलक योजनाओं का समन्वित क्रियान्वयन किया जाएगा। इसके तहत पात्र हितग्राहियों की पहचान, सर्वेक्षण, शिविरों का आयोजन तथा योजनाओं के संतृप्तिकरण की कार्रवाई की जाएगी। अभियान का उद्देश्य सेवा वितरण प्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं नागरिक-केंद्रित बनाना है। बैठक में ग्राम पंचायतों के आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत कर अनुमोदन प्राप्त किया गया। साथ ही पूर्व में पारित प्रस्तावों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा करते हुए पंचायत परिसंपत्तियों के रखरखाव, स्थानीय आवश्यकताओं तथा आगामी विकास कार्यों की प्राथमिकताओं पर भी चर्चा की गई।

# धान उपार्जन हेतु किसान पंजीयन एग्री-स्टैक आईडी अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने के इच्छुक किसानों के लिए पंजीयन एवं संशोधन की प्रक्रिया 1 जुलाई से 31 अक्टूबर तक की जाएगी। छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा इस संबंध में विस्तृत निर्देश जारी किए गए हैं। शासन ने स्पष्ट किया है कि इस वर्ष समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए किसानों का एग्री-स्टैक पोर्टल में पंजीयन तथा फार्मर आईडी/एग्री-स्टैक आईडी होना अनिवार्य होगा।

जारी निर्देशों के अनुसार, खरीफ विपणन वर्ष में पंजीकृत किसानों को इस के लिए भी पंजीकृत माना जाएगा। ऐसे किसानों को नया पंजीयन कराने की आवश्यकता नहीं होगी, लेकिन यदि उनकी भूमि, खसरा, बैंक विवरण, नामांतरण, बंटवारा, फौती अथवा अन्य कारणों से कोई परिवर्तन हुआ है तो संबंधित समिति/उपार्जन केंद्र में जाकर संशोधन कराना होगा। यह प्रक्रिया विभागीय वेबसाइट के ऑनलाइन

**खास बात**

- कलेक्टर ने खाद्य सहित संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

सोसायटी मॉड्यूल के माध्यम से पूरी की जाएगी। इस वर्ष किसानों को कृषि विभाग के एकीकृत किसान पोर्टल में पृथक पंजीयन कराने की आवश्यकता नहीं होगी, किंतु एग्री-स्टैक आईडी के साथ धान विक्रय हेतु संबंधित सभी खसरों की फार्मर आईडी लिंक होना आवश्यक रहेगा। वन पट्टाधारी, डूबान क्षेत्र के कृषक, शासकीय पट्टेदार, कोटवार, संस्थागत कृषक, अधिया/रेगहा, बटाईदार तथा लीज पर खेती करने वाले कृषकों के लिए भी एग्री-स्टैक में पंजीयन अनिवार्य किया गया है। ऐसे प्रकरणों में अधिकृत मॉड्यूल के माध्यम से प्राधिकरण और पंजीयन की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। धान खरीदी व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए शासन द्वारा आधार आधारित बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण प्रणाली को इस वर्ष भी लागू रखा गया है। धान विक्रय के समय किसान स्वयं अथवा उनके द्वारा नामांकित नॉमिनी के माध्यम से बायोमेट्रिक आधारित खरीदी प्रणाली के जरिए धान बेच सकेंगे। पंजीयन के दौरान किसान के साथ एक नॉमिनी का आधार विवरण भी दर्ज किया जाएगा। नॉमिनी के रूप में किसान के परिवार के सदस्य अथवा निकट संबंधियों को मान्य किया गया है। खरीदी केंद्रों में संभावित तकनीकी अथवा प्रमाणीकरण संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु ट्रस्टेड पर्सन की नियुक्ति भी कलेक्टर द्वारा की जाएगी।

# खनिज विभाग ने एक टीपर, 2 ट्रैक्टर व 3 स्थानों पर अवैध भण्डारित 1620 घन मीटर रेत की जब्त



जप्त रेत के साथ खनिज अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अवैध उत्खनन परिवहन व भण्डारण पर प्रतिबंध लगाने के लिए 24 जून को विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत गठित खनिज उड़नदस्ता दल ने जिले के संदिग्ध स्थानों सलिहाभाटा, भैसामुडा, कटबिटला, कुदमुरमाल, सोनपुरी सीतामढ़ी, बरमपुर, राताखार, पोड़ी, कछार, चुहिया, बाल्को, कसनिया, कटघोरा सहित अन्य स्थानों पर छापा मारकर सघन जांच की। जिस दौरान में रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन कर रहे वाहनों पर कार्यवाही करते हुए 1 टीपर व 2 ट्रेक्टर को बरमपुर, राताखार व कसनिया से जप्त कर सर्वमंगला पुलिस चौकी, रामपुर थाना तथा खनिज जांच चौकी, रामपुर कटघोरा की अभिरक्षा में रखा गया है। वहीं कछार में रेत के 2 अवैध भण्डारण 600 घन मीटर व 720 घन मीटर तथा सोनपुरी में 300 घन का 1 अवैध रेत भण्डारण जप्त किया गया है। खनिज विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण पर प्रतिबंध सुनिश्चित करना, अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना, प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा शासकीय राजस्व की हानि को रोकना है। नियमों का उल्लघंन करने, अवैध उत्खनन एवं परिवहन तथा भण्डारण में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध खान और खनिज अधिनियम 1957, छत्तीसगढ़. गौण खनिज नियम 2015 और अन्य वैधानिक प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जा रही है।

# तनाव से निजात दिलाने व यातायात जागरूकता के लिए कलेक्टोरेट में विशेष कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टोरेट सभागार में ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा तनाव प्रबंधन एवं सकारात्मक जीवनशैली विषय पर विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों सहित जवानों और अधिकारियों ने सहभागिता की।

कार्यशाला में जिला कलेक्टर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले, आईपीएस विमल पाठक, सीएसपी प्रतीक चतुर्वेदी,, डीएसपी डीके सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय माउंट आबू राजस्थान से पधारे अतिथियों ने तनावमुक्त जीवन, सकारात्मक सोच, ध्यान एवं राजयोग के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी और व्यस्त जीवन में मानसिक संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान सडक़ सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से



कार्यशाला में उपस्थित प्रशासनिक अधिकारी।

एएसआई मनोज राठौर ने उपस्थित अधिकारियों एवं जवानों को यातायात नियमों की जानकारी दी तथा सुरक्षित वाहन संचालन के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए साइबर प्रकोष्ठ प्रभारी चंद्रा ने साइबर ठगी, ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी लिंक, ओटीपी धोखाधड़ी एवं डिजिटल सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने उपस्थित लोगों से सतर्क रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना पुलिस को देने की अपील की। कार्यक्रम का उद्देश्य अधिकारियों एवं जवानों को मानसिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ सामाजिक सुरक्षा, यातायात जागरूकता एवं साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करना रहा।

# दीपका परियोजना वर्कशॉप फैमिली ने अनाथ युवक और गरीब युवती का कराया विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गेवरा-दीपका कोयलांचल क्षेत्र में मानवता की एक अनूठी मिसाल देखने को मिली। दीपका परियोजना के वर्कशॉप परिवार ने

**खास बात**

- वर्कशाप फैमिली ने जुटाए ढाई लाख रुपए

मिलकर एक अनाथ युवक और एक जरूरतमंद युवती का विवाह पूरे रीति-रिवाज के साथ कराया। इस पहल में लोगों ने आर्थिक मदद से बढ़कर बेटी-बेटे के माता-पिता बनकर अपना फर्ज निभाया।

दरअसल ओडिशा के बालासोर निवासी रंजीत राउत ने बचपन में ही अपने माता-पिता को खो दिया था। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में पढ़ाई पूरी की और बाद में एक निजी कंपनी में नौकरी मिली, लेकिन शादी को लेकर वे परेशान थे। दीपका परियोजना के इंजीनियर रघुवंश सिंह लंबे समय से उनके भविष्य को लेकर मदद कर रहे थे। इसी दौरान बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के एक छोटे कस्बे में रहने वाली एक गरीब युवती के परिवार की जानकारी मिली। इसके बाद वीडियो कॉल के




विवाह अवसर पर उपस्थित वर्कशॉप कर्मचारी।

जरिए दोनों परिवारों की बात हुई और आपसी सहमति से दोनों की शादी तय कर दी गई। विवाह समारोह में दीपका वर्कशॉप परिवार ने दोनों पक्षों की जिम्मेदारी संभाली। सरिता रघुवंश सिंह ने कन्यादान और वधू पक्ष की रस्में निभाईं। क्रेन-ग्रेड-पेलोडर-डोजर इंचार्ज नवीन सिंह क्षत्रिय, शिवचरण राठौर और बृजेश कुमार मिश्रा ने वर पक्ष की भूमिका निभाई। प्रगति नगर निवासी ज्योति राजेश जायसवाल दंपती ने स्वेच्छा से कन्यादान कर गृहस्थी का सामान भेंट किया। इस पुनीत कार्य के लिए दीपका वर्कशॉप के अधिकारियों, कर्मचारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और नगरवासियों ने मिलकर 2 से 2.5 लाख रुपए जुटाए और घरेलू सामान दिए गए। विवाह की सभी रस्में, जैसे मेहंदी, हल्दी, मंडप, बारात और वैदिक मंत्रों के साथ फेरे संपन्न हुए। फेरों के समय उपस्थित लोगों ने पुष्पवर्षा कर नवदंपती को आशीर्वाद दिया। इस आयोजन में संदीप मानिकपुरी, रमेश गुरुद्वान, बनवारीलाल चंद्रा, गया प्रसाद चंद्रा, जगमोहन कौशिक, शिव शंकर शुक्ला, संजय पांडे, राजेंद्र जायसवाल सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। भावुक माहौल में कई लोगों की आंखें नम हो गईं। पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा नवीन सिंह क्षत्रिय ने तैयार की और समाज के हर वर्ग को इससे जोड़ा। रघुवंश सिंह ने कहा कि रंजीत को संघर्ष करते देख उन्हें उसके विवाह की चिंता रहती थी, आज उन्हें आत्मिक संतोष मिला है। शिवचरण राठौर ने कहा कि यदि समाज एकजुट हो जाए तो कोई भी नेक कार्य असंभव नहीं है।

# अधिक दाम में खाद बेचना पड़ा महंगा दुकान सील करने की हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कृषि विभाग की टीम ने करतला ब्लॉक के उमरेली में छापामार कार्रवाई करते हुए एक कृषि केंद्र को सील कर दिया है। दुकान में एक सप्ताह के लिए बिक्री करने पर रोक लगा दी गई है। कृषि विभाग के उपसंचालक डीपीएस कंवर को शिकायत मिली थी कि अधिक दामों में यूरिया और अन्य खाद की बिक्री की जा रही है। उन्होंने सोमवार को जांच के लिए टीम को रवाना किया था। जब टीम दुकान पहुंची तो पता चला कि किसानों बिल नहीं दिया जा रहा था। यही नहीं स्टाक रजिस्टर भी मेंटेन नहीं



कार्यवाही करते विभाग की टीम।

था। इस पर दुकान संचालक को नोटिस जारी करने के साथ 7 दिनों के लिए बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया। किसानों ने दोगुने दाम में खाद बेचने की शिकायत की थी। कृषि विभाग के उपसंचालक कंवर का कहना है कि गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। लाइसेंस को भी रद्द करने की कार्रवाई होगी।

### वादों से मुकरने का आरोप मितानिनों का हुंकार, आज गूंजेगी अधिकारों की आवाज

**कोरबा।** वर्षों से प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ बनकर गांव-गांव में सेवा दे रही मितानिनों का धैर्य अब जवाब देने लगा है। चुनावी घोषणा-पत्र में किए गए वादों के पूरा न होने तथा अपनी लंबित मांगों की लगातार उपेक्षा से आक्रोशित प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ ने 25 जून को एक दिवसीय सांकेतिक धरना-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। धरने के उपरांत विशाल रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। संघ द्वारा जिला प्रशासन को दी गई सूचना के अनुसार वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव से पूर्व सरकार ने अपने घोषणा-पत्र में मितानिनों के मानदेय में 50 प्रतिशत वृद्धि तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में संविलियन का वादा किया था।

### शपथ पत्र

मैं मुस्लिम खान उम्र 76 पिता मुस्तफा खान जाति मुस्लिम आधार नंबर 773643912531, निवासी कोरबा पो. आ. कोरबा जिला कोरबा छ.ग. का हूं जो कि शपथपूर्वक कथन करता हूं :-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है, आधार नंबर 773643912531 है।
2. यह कि मेरा नाम आधार कार्ड नंबर (773643912531) में हिंदी में मुस्लिम खान है और इंग्लिश में (MUSLIN KHAN) है जो कि इंग्लिश में MUSLIM के जगह MUSLIN हो गया है जो कि त्रुटीवश गलत लिखा गया है।
3. यह कि भविष्य में मुझे मेरा नाम हिंदी में एस.के. मुस्लिम करवाना है तथा इंग्लिश में (S.K. MUSLIM) करना है।
4. तथा भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे एवं पहचाना जावे एवं आवश्यकतानुसार दस्तावेजों में नया नाम दर्ज किया जाये।
5. यह कि उक्त के संबंध में किसी प्रकार की दावा/आपत्ति होने पर मेरे स्वयं की जवाबदारी होगी।
6. वह कि शपथ पत्र मेरे नाम के संसोधन के समर्थन में माननीय श्रीमान के समक्ष प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**
**मुस्लिम खान**

कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी न्यू ईरा प्रोग्रसिव स्कूल के पास रामपुर, कोरबा (छ.ग.)
Email id- korbarto@gmail.com
phone no 07759-226640
क्रमांक/378/जि.प.अ./ 26
कोरबा दिनांक 24/06/2026

// प्रेस विज्ञप्ति //

वाहन क्रमांक CG12BG4470 (LGV) के पंजीकृत वाहन स्वामी MR. NIRANJAN KUJUR S/O URABANUS KUJUR ADD- 760, SHIV NAGAR, RUMGARA BALCO, W.NO-34, SARAIPALI KORBA है। उक्त वाहन को वित्त पोषक INDUSIND BANK LTD. KORBA द्वारा दिनांक 26/05/2026 को कार्यालय के संमक्ष मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 51 के अंतर्गत वाहन को अपने कब्जे में लेकर अपने नाम INDUSIND BANK LTD. KORBA के नाम पर अंतरण दर्ज करने बाबत केन्द्रीय मोटरयान नियम 1989 के नियम 61 (2) के तहत निर्धारित प्ररूप 36 में इस प्राधिकार के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त वाहन को वित्त पोषक के नाम में अंतरण करने के संबंध में पंजीकृत वाहन स्वामी को कार्यालयीन पत्र क्रमांक 238/ जि.प.अ./ दिनांक 29/05/2026 एवं कार्यालयीन पत्र क्रमांक 275/जि.प.अ./दिनांक 09/06/2026 को फार्म 37 में नोटिस जारी कर पत्र प्राप्ति के 07 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर अपना अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु अवसर दिया गया था। वाहन स्वामी को डाक के माध्यम से सूचना जारी करने के पश्चात भी आज दिनांक तक कार्यालय में उपस्थित नहीं हुए। वाहन स्वामी अथवा अन्य किसी हितबद्ध पक्षकार को दावा-आपत्ति करनी हो तो दिनांक 10/07/2026 तक कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी कोरबा में कर सकते हैं। दावा-आपत्ति नहीं आने की स्थिति में एकपक्षीय अंतरण की कार्यवाही की जायेगी।

**जिला परिवहन अधिकारी**
**कोरबा (छ.ग.)**

# श्रीमद्भागवत कथा में पूर्व मंत्री ने लिया आशीर्वाद




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बलगीखार स्थित शिव-काली मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में प्रदेश के पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल सम्मिलित हुए और व्यास पीठ पर विराजमान कथा व्यास पंडित श्री रामनाथ तिवारी जी से आशीर्वाद प्राप्त कर कथा का श्रवण किया।

जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला आध्यात्मिक मार्गदर्शन है। भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं, सुदामा चरित्र और राजा परीक्षित मोक्ष जैसे प्रसंग हमें प्रेम, मित्रता, विनम्रता, धर्म, सेवा और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि आज के बदलते सामाजिक परिवेश में भागवत जैसे धार्मिक आयोजन समाज में संस्कारों, आपसी सद्भाव और नैतिक मूल्यों को मजबूत करने का कार्य करते हैं। हमें अपने बच्चों और युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक परंपराओं और अच्छे संस्कारों से जोड़ना चाहिए ताकि समाज में प्रेम, भाईचारा और सकारात्मक ऊर्जा का विस्तार हो। पूर्व मंत्री श्री अग्रवाल ने आयोजन के लिए मंदिर के पुजारी पंडित मोनू दुबे एवं सहयोगियों की सराहना करते हुए कहा कि स्वर्गीय श्रीमती ऋतू दुबे की स्मृति में आयोजित यह आध्यात्मिक कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और सेवा भावना का सुंदर उदाहरण है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान करते हुए कहा कि धर्म का वास्तविक अर्थ केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि जरूरतमंदों की सहायता, सत्य के मार्ग पर चलना, परिवार एवं समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना ही सच्चा धर्म है। हमें भगवान श्रीकृष्ण के संदेशों को अपने जीवन में आत्मसात कर एक शांतिपूर्ण, संस्कारित और समरस समाज के निर्माण में योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु, धर्मप्रेमी नागरिक एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### नितीश सोनी बने चार्टर्ड अकाउंटेंट



**दीपका।** नगर के होनहार युवा नितीश सोनी ने कठिन परिश्रम, लगन एवं दृढ़ संकल्प के बल पर चार्टर्ड अकाउंटेंट की प्रतिष्ठित परीक्षा उत्तीर्ण कर दीपका सहित पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। नितीश सोनी, लक्ष्मीकांत सोनी एवं श्रीमती रागिनी सोनी के सुपुत्र हैं। इस अवसर पर दादा रामकुमार सोनी, दादी श्रीमती सोना देवी सहित समस्त सोनी परिवार ने प्रसन्नता व्यक्त की।

### चंद्रकला का एनएमएमएसई परीक्षा में हुआ चयन



**बरपाली।** ग्राम ढनढनी की प्रतिभाशाली छात्रा चंद्रकला बिंझवार का राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृति परीक्षा में चयन हुआ है। चंद्रकला पूर्व माध्यमिक शाला सरगबुंदिया वि.खं. करतला की कक्षा 8वीं की छात्रा हैं। चंद्रकला ने अपनी मेहनत, लगन एवं निरंतर अध्ययन के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। उनके चयन से विद्यालय, परिवार में हर्ष का माहौल हैं। चंद्रकला के पिता छत राम बिंझवार एवं माता सुरतीन बाई ने बेटी की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे उसके परिश्रम और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम बताया। उक्त परीक्षा में चयनित छात्रों को कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक हर साल 12 हजार दिए जाते है।

### हरेलिया बाई 12 मत प्राप्त कर बनी उप सरपंच



**कोरबा।** पाली जनपद पंचायत में सुशासन तिहार शिविर में महिला सरपंच के पति एवं सचिव ने उपसरपंच की शिकायत की गई थी, शिकायत के बाद भी कार्यवाही नहीं हो रही थी। आखिरकार पंच व सरपंच ने अविश्वास प्रस्ताव की कार्यवाही करने साथ ही एक माह के भीतर ही समस्या का निराकरण कर लिया। इसी कडी में उपसरपंच का उप चुनाव 24 जून को प्राशासनिक अधिकारियों के दिशा निर्देश पर कराया गया। इस चुनाव में हटाये गए उप सरपंच जयलाल सिंह कंवर और हरेलिया बाई धनुवार दो प्रत्याशी मैदान में थे। यहां बताना होगा कि पंचों की संख्या 19 है तथा एक पद सरपंच का है इस प्रकार कुल मतदाता 20 हैं। उप चुनाव में पूर्व उपसरपंच जयलाल को 8 मत एवं हरेलिया बाई को 12 मत प्राप्त कर विजय घोषित हुए।

### जेपी बने अभा सतनामी महासभा के सचिव



**कोरबा।** अखिल भारतीय महासभा का शताब्दी वर्ष 2025 में पुनर्गठन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश स्तरीय सम्मेलन बरदवार जिला शक्ति में 20 जून को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गुरु रुद्र कुमार पूर्व कैबिनेट मंत्री मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आयोजन में राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें वरिष्ठ राजमहंत दशेराम खांडे को राष्ट्रीय अध्यक्ष, राजमहंत बीएल कोसरिया को महासचिव तथा राजमहंत जेपी कोशले को राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया है।

### सेजस बिंझरा में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

**कोरबा।** शाला प्रवेश उत्सव नोडल शाला सेजस बिंझरा में धूमधाम से मनाया गया। प्रतिवर्ष के अनुसार शाला प्रवेश उत्सव शाला में ना केवल प्रवेशी छात्रों के नामांकन अपितु उत्साह व जोश छात्रों को उच्च कक्षाओं में पठन-पाठन के लिए प्रवेश दिलाना होता है साथ ही प्रवेश उत्सव पालक बालक और शिक्षक को विद्यालय में सम्मान कर शिक्षा के प्रति जागरूक करना है। उक्त अवसर पर नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर मुंह मीठा कर विद्यालय में एकत्रित बुक बैंक की पुस्तकों को वितरण कर शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया।

# किताबों की कमी, अशासकीय विद्यालयों के संचालक व शिक्षकों ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के अशासकीय विद्यालयों के संचालक एवं शिक्षक अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 25 जून को कलेक्टोरेट के समक्ष विरोध प्रदर्शन करेंगे। अशासकीय विद्यालय संघ ने राज्य शासन पर निजी विद्यालयों के साथ उपेक्षापूर्ण व्यवहार का आरोप लगाते हुए कहा है कि समय पर पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध नहीं कराए जाने से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

अशासकीय विद्यालय संघ, दीपका ब्लॉक के अध्यक्ष भौनेंद्र डहरवाल ने बताया कि निजी विद्यालयों को पुस्तकों के लिए कई बार बिलासपुर बुलाया जाता है, लेकिन वहां पहुंचने के बाद भी पुस्तकें नहीं मिल पातीं और स्कूल प्रतिनिधियों को खाली हाथ लौटना पड़ता है। इससे विद्यालय प्रबंधन को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। संघ के आह्वान पर जिले

## किताबों की समय पर आपूर्ति की मांग को लेकर घेरेंगे कलेक्टोरेट

**खास बातें**

- प्रतिवर्ष देर से मिलती है निजी स्कूलों को सरकारी किताबें
- बिलासपुर गोदाम से स्वयं के खर्च पर लाने की मजबूरी



के विभिन्न अशासकीय विद्यालयों के संचालक, प्राचार्य एवं शिक्षक 25 जून को सुबह 11 बजे बड़ी संख्या में कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने एकत्र होकर प्रदर्शन करेंगे। आंदोलन को सफल बनाने के लिए सभी सदस्य विद्यालयों से उस दिन स्कूल बंद रखकर विरोध प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की गई है। हालांकि शिक्षकों को विद्यालय संबंधी औपचारिक दायित्वों के लिए उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। संघ का कहना है कि यह किसी एक विद्यालय की नहीं, बल्कि जिले के सभी अशासकीय विद्यालयों की साझा समस्या है। इसलिए सभी स्कूल संचालकों और शिक्षकों को एकजुट होकर अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद करनी चाहिए। संघ ने मांग की है कि सभी अशासकीय विद्यालयों को जून माह में ही पाठ्यपुस्तकों की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। सभी विद्यालयों को संकुल (क्लस्टर) स्तर पर पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएं, ताकि पुस्तकों के लिए दूर-दराज के स्थानों तक नहीं जाना पड़े। संघ ने उम्मीद जताई है कि जिला प्रशासन और राज्य शासन इस समस्या का शीघ्र समाधान कर निजी विद्यालयों एवं विद्यार्थियों को राहत प्रदान करेंगे।

## पिछले 7 साल से निगम के वार्डों में बनी हुई है स्ट्रीट लाइट की कमी की समस्या

# इंतजार के बाद भी वार्ड की गलियां नहीं हुई रौशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम में सरकार बदलने के ढाई साल बाद भी स्ट्रीट लाइट का टोटा बना हुआ है। पूर्व में कांग्रेस महापौर के शासनकाल के दौरान भी 5 वर्षों तक निगम के वार्डों में स्ट्रीट लाइट की किल्लत बनी हुई थी। नई सरकार बनने के बाद उम्मीद थी कि वार्डों में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था सुधर जाएगी पर ऐसा हुआ नहीं। निगम क्षेत्र के अधिकतर वार्डों में स्ट्रीट लाइट के कमी की समस्या बनी हुई है कहने को तो कुछ वार्डों में 25-25 की संख्या में स्ट्रीट लाइट की आपूर्ति की गई है पर यह ऊंट के मुंह में जीरा के समान साबित हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि पिछले लंबे अर्से से निगम क्षेत्र के वार्डों में निवासरत लोगों को स्ट्रीट लाइट की कमी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व में कांग्रेस महापौर राजकिशोर प्रसाद के शासनकाल के दौरान भी स्ट्रीट लाइट की कमी समस्या बनी हुई थी। वार्डवासियों की शिकायत पर स्थानीय पार्षद जल्द ही स्ट्रीट लाइट की आपूर्ति का आश्वासन देते रहे पर वार्डों में लगे बिजली खंभों पर लाइट नजर नहीं आयी। स्ट्रीट लाइट की मांग करते करते 5 वर्ष गुजर गए पर वार्डों की गलियों में छाया अंधेरा दूर नहीं हुआ। हर बार निगम अधिकारियों द्वारा स्ट्रीट लाइट सप्लाई का आर्डर देने व जल्द आपूर्ति होने का आश्वासन दिया जाता रहा पर स्ट्रीट लाइट की आपूर्ति नहीं होने की वजह से वार्डों तक स्ट्रीट लाइट नहीं पहुंची। इंतजार करते



बिजली खंभा जिसमें नहीं लगी स्ट्रीट लाइट।

करते आखिरकार 5 वर्ष गुजर गए और

### खंभे लगने के 4 साल बाद भी नहीं लगी स्ट्रीट लाइट

नगर निगम के अधिकतर वार्डों में स्ट्रीट लाइट के कमी की समस्या बनी हुई है। पोड़ीबहार वार्ड के वन विभाग नर्सरी रोड में कांग्रेस शासन के दौरान बिजली के खंभे व केबल बिछाए गए थे। 4 वर्ष से अधिक समय गुजरने के बाद भी अब तक इन खंभों में स्ट्रीट लाइट नहीं लग पायी है। कई खंभे स्ट्रीट लाइट का इंतजार करते करते जर्जर होने की स्थिति में हैं। बावजूद इसके खंभों में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था नहीं हो पायी है।

नगरीय निकाय चुनाव के बाद नगर पालिक निगम कोरबा में भाजपा सत्ता में आ गई। नई सरकार के आने के बाद महापौर संजूदेवी राजपूत के आने से लोगों में एक बार फिर उम्मीद जगी कि वार्डों के गलियों में व्याप्त अंधेरा जल्द दूर हो जाएगा पर ऐसा हुआ नहीं। ढाई वर्ष गुजरने के बाद भी अब तक पर्याप्त मात्रा में स्ट्रीट लाइट की आपूर्ति नहीं हो

### पार्षद निधि से खरीदनी पड़ रही स्ट्रीट लाइट

स्ट्रीट लाइट की कमी की समस्या से केवल विपक्षी पार्षद ही परेशान नहीं हैं बल्कि सत्ताधारी दल के पार्षद भी इस समस्या से दो चार हो रहे हैं। पार्षद निर्वाचित होने के दौरान वार्डों में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था करने का वादा करने के बाद वादा पूरा नहीं करने की वजह से इन्हें वार्डवासियों की नाराजगी का सामना करना पड़ रहा था। यही वजह है कि वार्ड बुधवारी के भाजपा पार्षद ने इस समस्या से निजात पाने पार्षद निधि के 2 लाख रुपए की राशि से स्ट्रीट लाइट खरीदी करने का आवेदन निगम आयुक्त को दिया जिस पर निगम आयुक्त ने विद्युत व्यवस्था पर 2 लाख की राशि खर्च नहीं करने का हवाला देते हुए स्ट्रीट लाइट खरीदी के लिए 1 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की जिसके बाद पार्षद पंकज देवांगन ने पार्षद निधि की राशि से अपने वार्ड में लगभग 35 स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था की है।

सकी है। ढाई साल से पार्षदों द्वारा स्ट्रीट लाइट की मांग करने के बाद बीते माह निगम में स्ट्रीट लाइट की आपूर्ति तो हुई पर इसकी संख्या कम थी। यही वजह है कि निगम क्षेत्रों के कुछ वार्डों में 25-25 की संख्या में स्ट्रीट लाइट की आपूर्ति की गई जिससे वार्डवासियों को कुछ राहत जरुर मिली है पर यह पर्याप्त नहीं है। अब भी वार्डों की कई गलियों में लगे खंभों पर स्ट्रीट लाइट नदारत है।

### मरम्मत कर चलाया जा रहा काम

नगर निगम के पास स्ट्रीट लाइट की कमी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि पिछले कई वर्षों से नगर निगम द्वारा केवल स्ट्रीट लाइट का मरम्मत कर काम चलाया जा रहा है। शिकायत मिलने पर स्ट्रीट लाइट की मरम्मत कर अपने कर्त्तव्यों से इतिश्री कर लिया जा रहा है। इस संबंध में जब निगम के इंजीनियर राकेश मसीह से जानकारी मांगी गई तो उन्होंने बताया कि मुझे स्ट्रीट लाइट मरम्मत का जिम्मा सौंपा गया है। नए स्ट्रीट लाइट की आपूर्ति व आर्डर के संबंध में इंजीनियर भूषण उरांव ही सही जानकारी दे सकते हैं। हालांकि भूषण उरांव के शहर से बाहर व मोबाइल में कवरेज नहीं होने से संपर्क नहीं हो सका।

# पेंशन हितग्राही जोन कार्यालय या च्वाइस सेंटर पहुंचकर कराए अपना सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासन की विभिन्न पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों को बिना किसी अवरोध के समय पर पेंशन प्राप्त हों, इस हेतु हितग्राही का वार्षिक सत्यापन किया जाना अनिवार्य हैं, निगम द्वारा इस हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा

**खास बात**

- बिना सिी अवरोध के समयपर पेंशन खाते में पहुंचे इस हेतु हितगग्राही का वार्षिक सत्यापन अनिवार्य

है। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने एक आदेश जारी कर इस हेतु अधिकारी कर्मचारियों को आवश्यक दायित्व सौपे हैं, साथ ही पेंशन हितग्राहियों से अपील की है कि वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपने वार्ड से संबंधित जोन कार्यालय अथवा च्वाईस सेंटर में पहुंचे तथा अपना वार्षिक सत्यापन अनिवार्य रूप से करा लें ताकि उन्हें पेशन प्राप्त होने में कोई अवरोध उपस्थित न हों।

केन्द्र एवं राज्य सरकार की सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजनाओं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सुखद सहारा पेंशन एवं मुख्यमंत्री पेंशन योजना के हितग्राहियों का वार्षिक सत्यापन मोबाईल एप बेनेफिशियरी सत्यापन एप के माध्यम से शत प्रतिशत किया जाना अनिवार्य है ताकि उन्हें पेंशन प्राप्त होने में किसी प्रकार के अवरोध का सामना करना न पडे. तथा नियमित रूप से समय पर पेंशन उनके खाते में पहुंच जाए। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने आदेश जारी कर पेंशन हितग्राहियों का मोबाईल एप के माध्यम से वार्षिक सत्यापन किये जाने हेतु विशेष अभियान चलाने के निर्देश देते हुये इस हेतु अधिकारी कर्मचारियों को आवश्यक दायित्व सौपे हैं तथा उनसे कहा है कि वे निगम के वार्ड के नि र्वाचित जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर पेंशन हितग्राहियों का शत प्रतिशत वार्षिक सत्यापन कराया जाना सुनिश्चित करें। पेंशन योजनाओं के हितग्राही वार्षिक सत्यापन किये जाने हेतु अपना आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति एवं मोबाईल नम्बर के साथ नगर निगम कोरबा के अपने वार्ड से संबंधित जोन कार्यालय अथवा च्वाईस सेंटर में स्वयं उपस्थित होकर अपना वार्षिक सत्यापन मोबाईल एप बेनेफिशियरी सत्यापन एप के माध्यम से करा सकते हैं।

# नगर पालिका के अध्यक्ष ने किया करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन



विकास कार्यों का भूमिपूजन करते नगर पालिका अध्यक्ष।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नगर पालिका के अध्यक्ष राज जायसवाल ने अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में नगर में करीब 1 करोड़ 29 लाख रुपये की लागत से किये जाने वाले विकास कार्यों का बुधवार को भूमिपूजन किया। जिसमें वार्ड क्रमांक 2 में नगर के विकास एवं जनसुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इनमें बीआर अंबेडकर भवन के बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य 24.75 लाख, बीएसएनएल कार्यालय से बीआर अंबेडकर भवन तक सीसी रोड निर्माण कार्य 24 लाख, नगर पालिका कार्यालय के बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य 17.88 लाख, नगर पालिका परिसर में वाहन पार्किंग हेतु शेड निर्माण कार्य 18 लाख, बंटी स्टोर से मेला ग्राउंड तक सीसी रोड निर्माण कार्य 16.10 लाख, रेस्ट हाउस से बद्दी जनरल स्टोर तक सीसी रोड निर्माण कार्य 10.94 लाख तथा सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 14.92 लाख शामिल हैं। इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्रवासियों को बेहतर मूलभूत सुविधाएँ प्राप्त होंगी तथा नगर के समग्र विकास को नई गति मिलेगी। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष लालबाबू ठाकुर, पार्षद हरीश यादव, संजय अग्रवाल, रमेश पटेल, अजय गर्ग, निसार अहमद एवं लक्ष्मी खैरवार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मुद्रिका प्रसाद तिवारी सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

# मानदेय शिक्षक के लगभग 50 पद किए गए कम, 500 शिक्षकों की होनी थी भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मानदेय शिक्षक भर्ती को लेकर लगातार नए निर्देश जारी हो रहे हैं। स्थानीय स्तर पर हो रही इस भर्ती में

**खास बातें**

- विलोपन सूची जारी होने से एकल शिक्षकीय स्कूलों में पदस्थापना पर जोर
- मिडिल स्कूल में गणित और अंग्रेजी विषय के शिक्षक की बनी हुई है कमी, सूची में किए गए नजरअंदाज

रोज नए अपडेट हो रहे हैं। बुधवार को जारी की गई विलोपन सूची के अनुसार सभी विकासखंड में लगभग 10-10 पद कम किए जा रहे हैं। इस तरह से कुल 50 पद कम होंगे। जिसमें प्राथमिक और माध्यमिक शाला ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं।

मानदेय शिक्षकों की भर्ती शुरु हो गई है। पूर्व में पढ़ा रहे मानदेय



फाइल फोटो

### इन स्कूलों में पद विलोपति

प्राथमिक शाला काटा बसाहट, बनखेता, रजगामार कालोनी, प्राथमिक शाला कन्या कोरबा, प्राथमिक शाला जामबहार, प्राथमिक शाला फुलसरी, प्राथमिक शाला रिस्दी, प्राथमिक शाला केराकछार, प्राथमिक शाला कोलहाडीह, प्राथमिक शाला पुरानी बस्ती, सेजेस एनसीडीसी कोरबा, प्राथमिक शाला पुरानी बस्ती कोरबा शामिल हैं।

शिक्षकों में से 50 शिक्षक से अधिक शिक्षक बाहर होने जा रहे हैं। सेटअप के अनुसार बीते वर्ष मानदेय शिक्षकों की भर्ती की जा रही है। इस वर्ष इसे बदले कर दर्ज संख्या के हिसाब से पदस्थ किया जा रहा है। जिससे कुछ मिडिल स्कूल में गणित व अंग्रेजी जैसे विषय पढ़ाने वाले मानदेय शिक्षक बाहर हो रहे हैं। जबकि उन स्कूलों में गणित व अंग्रेजी जैसे विषय पढ़ाने वाले शिक्षक ही नहीं हैं। कलेक्टर के निर्देश के बाद दर्ज संख्या के हिसाब से शुरू की गई भर्ती में विषय शिक्षक की पदस्थापना को नजर अंदाज कर दिया गया है। ऐसी स्थिति पूर्व माध्यमिक शाला में सामने आई है। हालांकि विभाग संशोधन सूची जारी करने की बात जरूर कर रहा है। किन्तु एक साल तक दूर दराज क्षेत्रों में अपनी सेवाएं देने वाले मानदेय शिक्षकों के सामने रोजगार जाने का संकट जरूर खड़ा हो गया है।

### बीते वर्ष शिक्षा व्यवस्था को पटरी पर लाने की गई थी भर्ती

बीते वर्ष शिक्षण सत्र 2025-26 में शिक्षकों की कमी से जूझने वाले स्कूलों में मानदेय शिक्षकों की भर्ती की गई थी। इससे ऐसे स्कूल जहां दो शिक्षक या प्रधान पाठक सहित 3 शिक्षक पदस्थ थे वहा मानदेय शिक्षक गणित व अंग्रेजी के पदस्थ किए जाने से इन दो महत्वपूर्ण विषय के शिक्षक छात्रों को मिले थे। इस वर्ष इन दो विषय के मानदेय शिक्षक वाले स्कूलों में शिक्षकों की कमी फिर नजर आएगी। यह बात शिक्षक भी स्वीकारते हैं। लेकिन नए निर्देश के कारण छात्रों को होने वाली समस्या के संबंध में कुछ भी कहने से बचते फिर रहे हैं।

## धरसींवा विधायक अनुज शर्मा की पत्रकारवार्ता

# देश की युवा पीढ़ी को आपातकाल की सच्चाई से अवगत कराना आवश्यक : अनुज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला अध्याय है। 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक देश ने तानाशाही और दमन का दौर देखा। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सलाह पर राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद द्वारा संविधान के अनुच्छेद 352 के तहत आपातकाल लागू किया गया, जिसके बाद नागरिक अधिकारों को कुचल दिया गया और लोकतांत्रिक संस्थाओं को निष्प्रभावी बना दिया गया।

उक्त बातें धरसींवा विधायक एवं भाजपा नेता अनुज शर्मा ने प्रेस क्लब तिलक भवन में आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान कही। श्री शर्मा ने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा इंदिरा गांधी के निर्वाचन को अवैध ठहराए जाने के बाद सत्ता बचाने के लिए आपातकाल लगाया गया। इसके साथ ही देशभर में विपक्षी नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों की गिरफ्तारियां शुरू हो गईं। लोकनायक जयप्रकाश नारायण, अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, मोरारजी देसाई, जॉर्ज फर्नांडिस सहित हजारों नेताओं को जेलों में बंद कर दिया गया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता




पत्रकारों से बातचीत करते विधायक श्री शर्मा।

सेनानियों के लंबे संघर्ष और बलिदान से प्राप्त लोकतंत्र को कांग्रेस सरकार ने एक रात में समाप्त कर देश को तानाशाही की दिशा में धकेल दिया। आपातकाल के दौरान संसद, न्यायपालिका और राष्ट्रपति जैसे संवैधानिक संस्थानों की भूमिका कमजोर कर दी गई तथा संविधान में व्यापक संशोधन किए गए। विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सबसे बड़ा प्रहार आपातकाल के दौरान हुआ। अखबारों की बिजली काट दी गई, समाचारों पर सेंसरशिप लागू कर दी गई और पत्रकारों को जेल भेजा गया। उन्होंने बताया कि हजारों समाचार पत्रों को जब्त किया गया तथा सैकड़ों पत्रकारों को मीसा कानून के तहत गिरफ्तार किया गया। मीडिया पर सरकारी दबाव बनाकर लोकतंत्र की आवाज को दबाने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि देश की युवा पीढ़ी को आपातकाल की सच्चाई से अवगत कराना आवश्यक है ताकि भविष्य में लोकतांत्रिक मूल्यों पर किसी प्रकार का आघात न हो सके। भारतीय जनता पार्टी लगातार जनजागरण के माध्यम से लोकतंत्र की रक्षा और संविधान के प्रति जागरूकता का कार्य कर रही है। प्रेस वार्ता में महापौर संजूदेवी राजपूत, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक चावलानी, जिला उपाध्यक्ष योगेश जैन, जिला सह कोषाध्यक्ष नवीन अरोड़ा, जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन गुप्ता, जिला सह संयोजक सोशल मीडिया नीरज ठाकुर, मंडल अध्यक्ष डॉ राजेश राठौर, योगेश मिश्रा व राकेश नागरमल अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

*__हरदीबाजार।__ विकासखंड पाली अंतर्गत ग्राम पंचायत कोरबी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल उपस्थित रहे। श्री पटेल ने नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर विद्यालय प्रवेश कराया।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780